Madhya Pradesh Board

QUESTION PAPER



aglasem.com

Roll No. .....

913

कक्षा 9वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[300]

SOCIAL SCIENCE

सामाजिक विज्ञान

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 75]

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें से सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य–असत्य 06 अंक, सही जोड़ी 06 अंक एवं एक शब्द/वाक्य में उत्तर 06 अंक संबंधी प्रश्न हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 23 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। मानचित्र को भरकर उत्तर–पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

Instructions -

(1) All questions are compulsory.

(2) Question No. 1 to 5 are 30 objective questions. Out of these, question related to correct option 06 marks, blank space 06 marks, true/false 06 marks, correct pair 06 marks and answer in one word/sentences 06 marks.

(3) Internal option are given in question number 6 to 23.

(4) Question No. 6 to 17 carries 2 marks for each question. The word limit is approximately 30 words.

(5) Question No. 18 to 20 carries 3 marks for each question. The word limit is approximately 75 words.

(6) Question No. 21 to 23 carries 4 marks for each question. The word limit is approximately 120 words.

(7) Question No. 23 is a question based on the Map of India. Fill out the map and attach it to the answer sheet.

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1X6=6)

(i) एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो, वह है –
(अ) भाबर (ब) प्रायद्वीप
(स) तराई (द) द्वीप

(ii) दैनिक तापान्तर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वाधिक पाया जाता है?
(अ) दक्षिणी पठारी क्षेत्र (ब) पूर्वी तटवर्ती क्षेत्र
(स) थार मरुस्थल (द) पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र

(iii) रूस में राजशाही का पतन हुआ –
(अ) 1889 ई. में (ब) 1917 ई. में (स) 1915 ई. में (द) 1919 ई. में

(iv) किस आदिवासी नेता ने अंग्रेजों द्वारा लगाए गए वन कानूनों के खिलाफ बस्तर में विद्रोह का नेतृत्व किया?
(अ) बिरसा मुंडा (ब) गुंडा धुर
(स) रानी गाइदिन्ल्यू (द) अल्लूरी सीताराम राजू

(v) नागरिक व सरकार के बीच झगड़ों का निपटारा कौन करता है?
(अ) लोकसभा उपाध्यक्ष (ब) सर्वोच्च न्यायालय
(स) राष्ट्रपति (द) गृहमंत्री

(vi) विश्व बैंक ने निर्धनता रेखा के लिए कितना डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित किया है?
(अ) 5 डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन (ब) 3.5 डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन
(स) 1.9 डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन (द) 8 डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन

Write the following questions by choosing the correct option -

(i) A part of land which is surrounded by sea on three sides is -
(a) Bhabar (b) Peninsula
(c) Terai (d) Island

(ii) In which of the following regions is the daily temperature difference found to be the highest -
(a) Southern plateau region (b) Eastern coastal region
(c) Thar desert (d) Western coastal region

(iii) Monarchy in Russia collapsed in -
(a) 1889 AD (b) 1917 AD (c) 1915 AD (d) 1919 AD

(iv) Which tribal leader led the revolt in Bastar against the forest laws imposed by the British?
(a) Birsa Munda (b) Gunda Dhur
(c) Rani Gaidinliu (d) Alluri Sitaram Raju

(v) Who resolves disputes between citizens and the government?
(a) Deputy Speaker of Lok Sabha (b) Supreme Court
(c) President (d) Home Minister

(vi) How many dollars per person per day has been set by the World Bank as the poverty line?
(a) 5 dollars per person per day
(b) 3.5 dollars per person per day
(c) 1.9 dollars per person per day
(d) 8 dollars per person per day

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1X6=6)

(i) प्रायद्वीपीय भारत की अधिकांश नदियों के अपवाह तंत्र की प्रवाह दिशा .... से .....की ओर है।

(ii) कार्ल मार्क्स ने .....नामक ग्रंथ की रचना की।

(iii) गरीबी रेखा के निर्धारण के लिए भारत में, ...संगठन सर्वेक्षण करता है।

(iv) वर्ष 1946 में, संविधान सभा में "उद्देश्य प्रस्ताव"..... के द्वारा पेश किया गया।

(v) रूसी साम्राज्य में, मुस्लिम धर्म सुधारक .....कहलाते थे।

(vi) लोकतन्त्र में, जनप्रतिनिधियों का चुनाव .....करती है।

Fill in the blanks -

(i) The drainage system of most of the rivers of peninsular India flows in the direction of .....to.....

(ii) Karl Marx wrote a book called.....

(iii) In India,.....organization conducts survey for determining poverty line.

(iv) In the year 1946, the "Objective Resolution" was presented in the Constituent Assembly by.....

(v) In the Russian Empire, Muslim religious reformers were called.....

(vi) In a democracy, the .....elect their representatives.

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए – (1X6=6)

कॉलम (अ)		कॉलम (ब)	
(i)	सुंदरबन डेल्टा	(अ)	प्राथमिक क्षेत्रक
(ii)	नमामी देवी नर्मदे परियोजना	(ब)	एशिया
(iii)	मत्स्य पालन	(स)	कार्टूनिस्ट
(iv)	अब्राहम लिंकन	(द)	अमेरिका
(v)	आर.के. लक्ष्मण	(ई)	पश्चिम बंगाल
(vi)	भारत	(फ)	मध्य प्रदेश

Match the following -

Column (A)		Column (B)	
(i)	Sundarban Delta	(a)	Primary Sector
(ii)	Namami Devi Narmade Project	(b)	Asia
(iii)	Fisheries	(c)	Cartoonist
(iv)	Abraham Lincoln	(d)	America
(v)	R.K. Laxman	(e)	West Bengal
(vi)	India	(f)	Madhya Pradesh

(1×6=6)

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

(i) कृषि क्षेत्र में कौनसी बेरोजगारी पाई जाती है?

(ii) मानसून किसे कहते हैं?

(iii) गंगा की दो मुख्य धाराओं के नाम लिखिए।

(iv) भारत में कौन–कौनसे जलवायु कटिबंध हैं?

(v) 'युंगफोक' क्या था?

(vi) समय पूर्व न्यायाधीशों को किस प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है?

Answer the following questions in one sentence -

(i) Which type of unemployment is found in agriculture sector?

(ii) What is monsoon?

(iii) Write the two main streams of Ganga.

(iv) Which are the climatic zones in India?

(v) What was 'Youngfolk'?

(vi) By which process can the judges be removed from their posts before time?

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के सत्य/असत्य बताइए – (1×6=6)

(i) फ्रांसीसी समाज में मध्य वर्ग को क्रांति का फायदा मिला ✗

(ii) पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर महेन्द्रगिरी है ✗

(iii) बैरेन द्वीप भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित है ✓

(iv) भारत और श्रीलंका के धरातल को पृथक करने वाली जल राशि पाक जल संधि ✗ है।

(v) भारत में, बहुमत से चुनाव जीतने वाला दल सरकार बनाता है ✓

(vi) पालमपुर में, पारंपरिक बीजों के प्रयोग से उपज अधिक होती थी ✗

State the true/false of the following questions -

(i) The middle class in French society benefited from the revolution.

(ii) The highest peak of Eastern Ghat of India is Mahendragiri.

(iii) Barren Island is located in the Andaman and Nicobar Islands of India.

(iv) The water body that separates the land surfaces of India and Sri Lanka is the Palk Strait.

(v) In India, the party that wins the election with a majority forms the government

(vi) In Palampur, the yield was higher due to the use of traditional seeds.

प्र.6 बांगर और खादर में दो अंतर लिखिए। (2)

Write two differences between Bangar and Khadar.

अथवा / OR

पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट में दो अंतर लिखिए।

Write two differences between Eastern Ghats and Western Ghats.

प्र.7 ग्रीष्मकाल में प्रायद्वीपीय भारत में तापमान क्यों कम रहता है? लिखिए। (2)

Why is the temperature low in peninsular India during summers? Write.

अथवा / OR

मालाबार क्षेत्र में ढालू छत वाले मकान क्यों बनाये जाते हैं? कारण लिखिए।

Why are houses with sloping roofs built in the Malabar region? Write the reason.

प्र.8 उत्तर भारत की नदियों और दक्षिण भारत की नदियों में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

Write any two differences between the rivers of North India and South India.

अथवा / OR

किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए नदियां महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?

Why are rivers important for the economy of a country?

प्र.9 घुमंतू खेती पर रोक लगाने का फैसला सरकार ने क्यों किया? (2)

Why did the government decide to ban shifting cultivation?

अथवा / OR

औपनिवेशिक शासन काल में रहने वाली दो वन्य जातियों के नाम व निवास स्थान लिखिए।

Write the names and places of residence of two tribal communities living during the colonial rule.

प्र.10 पालमपुर में गैर–कृषि क्रियाएं कौन–कौनसी हैं? (2)

What non-farming activities are there in Palampur?

अथवा / OR

बहुविध फसल प्रणाली किसे कहते हैं?

What is Multiple Cropping System?

प्र.11 फ्रांस की क्रान्ति कब आरंभ हुई? इसके दो प्रभाव लिखिए। (2)

When did the French Revolution begin? Write its two effects.

अथवा / OR

फ्रांस में दास प्रथा का उन्मूलन कब और किसने किया था?

When and who abolished slavery in France?

प्र.12 लोकतन्त्र का क्या अर्थ है? (2)

What is the meaning of democracy?

अथवा / OR

लोकतन्त्र क्यों आवश्यक है?

Why is democracy necessary?

प्र.13 संविधान संशोधन का क्या अर्थ है? (2)

What is the meaning of Constitutional Amendment?

अथवा / OR

संविधान सभा किसे कहते हैं?

What is called the Constituent Assembly?

प्र.14 भारतीय चुनाव आयोग के सामने क्या चुनौतियाँ हैं? कोई दो लिखिये। (2)

What are the challenges before the Indian Election Commission? Write any two.

अथवा / OR

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? लिखिए।

What steps were taken to conduct free and fair elections? Write.

प्र.15 बेरोजगारी से क्या आशय है? (2)

What is meant by unemployment?

अथवा / OR

अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र से क्या आशय है?

What is meant by the primary sector of the economy?

प्र.16 आर्थिक और गैर–आर्थिक क्रियाओं में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

Write any two differences between economic and non-economic activities.

अथवा / OR

अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र के दो उदाहरण लिखिए।

Write two examples of the secondary sector of the economy.

प्र.17 'जिप्सी' व 'घेटो' का अर्थ बताइए। (2)

Write the meaning of 'gypsy' and 'ghetto'.

अथवा / OR

नात्सीवाद की दो प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

Write two main characteristics of Nazism.

प्र.18 भारत को उपमहाद्वीप की संज्ञा क्यों दी जाती है? स्पष्ट कीजिए। (3)

Why is India called a subcontinent? Explain.

अथवा / OR

कर्क रेखा का भारत की जलवायु में क्या महत्त्व है? स्पष्ट कीजिए।

What is the importance of Tropic of Cancer in the climate of India? Explain.

प्र.19 "1917 ई. की रूसी क्रांति से नयी सभ्यता तथा संस्कृति का जन्म हुआ।" इस कथन की पुष्टि में तीन बिंदु लिखिए। (3)

"The Russian Revolution of 1917 gave birth to a new civilization and culture." Write three points in support of this statement.

अथवा / OR

रूसी क्रांति के कोई तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

Explain any three effects of the Russian Revolution.

प्र.20 संविधान क्या है? संविधान की तीन विशेषताएं लिखिए। (3)

What is a Constitution? Write three specialities of the Constitution.

अथवा / OR

पंथ निरपेक्ष, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न एवं लोकतान्त्रिक गणराज्य का अर्थ क्या है?

What is the meaning of Secular, Sovereign and Democratic Republic?

प्र.21 भारत में निर्धनता उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा चलाई गई तीन योजनाओं के नाम लिखिए। (4)

Write the names of three schemes run by the government for poverty eradication in India.

अथवा / OR

भारत में निर्धनता के चार कारण विस्तार से लिखिए।

Write in detail four causes of poverty in India.

प्र.22 भारतीय संसद के चार मुख्य कार्य लिखिए। (4)

Write four major works of Indian Parliament.

अथवा / OR

"सामूहिक उत्तरदायित्व" का अर्थ व उसका महत्त्व स्पष्ट कर लिखिए।

Explain the meaning and importance of "collective responsibility".

प्र.23 दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए – (4)

(i) लक्षद्वीप (ii) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

(iii) मालाबार तट (iv) अरब सागर

Show the following in the given map -

(i) Lakshadweep (ii) Andaman and Nicobar Islands

(iii) Malabar Coast (iv) Arabian Sea

अथवा / OR

दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए –

(i) अरावली श्रेणी (ii) पूर्वी घाट

(iii) विन्ध्य श्रेणी (iv) काराकोरम पर्वत

Show the following in the given map -

(i) Aravalli Range (ii) Eastern Ghats

(iii) Vindhya Range (iv) Karakoram Mountain

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers